दिनांक : 11.04.2025 **समय : 02.10PM**

आकाशवाणी, भोपाल

दोपहर समाचार

प्रधानमंत्री दौरा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अब से कुछ देर बाद अशोकनगर जिले में ईसागढ़ तहसील के आनंद□ुर धाम आएंगे। प्रधानमंत्री श्री मोदी गुरु जी महाराज मंदिर में दर्शन और □ूजा-अर्चना करेंगे और आनंद□ुर धाम स्थित मंदिर □रिसर का भ्रमण भी करेंगे। मुख्यमंत्री डा मोहन यादव ने कहा है की प्रदेश की जनता प्रधानमंत्री के स्वागत के लिए उत्सुक है.

आनंद□ुर धाम में मौजूद हमारे संवाददाता नीरज कुमार शुक्ला ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दो□हर करीब 3 बजे श्री आनंद□ुर धाम ईसागढ़ हेली□ैड □र आएंगे ।

राष्ट्रीय अधिवेशन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ आर्कीटेक्ट्स राष्ट्रीय अधिवेशन 2025 *TRANSOM* का कुशाभाउ ठाकरे सभागार, भोपाल में शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आर्किटेक्ट्स को विश्वकर्मा बंधु संबोधित करते हुए कहा कि अतीत से ही आर्किटेक्ट्स का विशेष महत्व रहा है। राजा भोज स्वयं बड़े वास्तुकार थे, भोपाल ताल सहित प्राचीन स्थापत्य के कई बड़े उदाहरण भोपाल और आसपास विद्यमान है। इस दृष्टि से भोपाल में हो रहा आर्किटेक्ट्स का सम्मेलन विशेष महत्व का है ।

जल गंगा संवर्धन अभियान

प्रदेश में जल प्रबंधन और वर्षा जल संचयन की जन जागरुकता के लिए जल गंगा जल संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत नर्मदापुरम जिले की ग्राम पंचायत आदर्श ग्राम सिमारा में जल संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी में ग्रामीणों ने जल संरक्षण और जल संरचनाओं के पुनरुद्धार का संकल्प लेते हुए अभियान को वृहद स्तर पर संचालित करने की प्रतिबद्धता जताई। इस अवसर

पर विकासखण्ड समन्वयक और सरपंच प्रतिनिधि ने ग्रामीणों से अपील की कि सभी को मिलकर पानी की एक–एक बूंद को बचाना होगा, तभी यह अभियान सफल हो पाएगा।

मौसम

प्रदेश भीषण गर्मी और लू की चपेट में है। राज्य में सबसे अधिक तापमान रतलाम जिले में 44 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। तो रात का सबसे कम तापमान 15.4 डिग्री पचमढ़ी में रिकॉर्ड हुआ। इसी बीच मौसम विभाग के अनुसार, प्रदेश में अगले 3 दिन तक तेज गर्मी और लू से थोड़ी राहत मिलेगी। विभाग ने भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर, उज्जैन समेत 42 जिलों में बारिश होने, तेज आंधी चलने या ओले गिरने का अलर्ट जारी किया है। आज प्रदेश के उत्तरी और दक्षिणी हिस्से के 17 जिलों में मौसम बदला रहेगा। ग्वालियर, चंबल, नर्मदापुरम, रीवा और जबलपुर संभाग के जिलों में हल्की बारिश, तेज आंधी और ओले गिर सकते हैं। 12 और 13 अप्रैल को प्रदेश के ज्यादातर जिलों में मौसम बदला रहेगा।

समाचार संक्षेप में .....

- सत्यशोधक समाज के संस्थापक महात्मा ज्योतिबा फुले और स्वतंत्रता सेनानी कस्तूरबा गांधी 'बा' की आज जयंती है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने महान विभूतियों को नमन किया।
- केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शिवपुरी दौरे के दौरान करोड़ों रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया।
- जबलपुर से करीब 45 किलोमीटर दूर सोमती नदी में एक सड़क हादसे में 4 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

————————————

नमस्कार।